# Senior Citizens felicitated by Jharkhand Sector, CRPF

Jharkhand Sector, CRPF organized various programs at 19 places in Jharkhand on the occasion of International Day of Older Persons on 01.10.2018. 42 Retirees from CRPF & 815 other Senior Citizens were felicitated. Main Program followed by Health Check Up also conducted at GC, CRPF, Ranchi.











INTERNATIONAL DAY OF OLDER PERSONS, GC - JAMSHEDPUR




PALAMU, 134 BN



BARHI, 203 Bn



SARIKELA, 196 BN



DHANBAD, 154 BN

INTERNATIONAL DAY OF OLDER PERSONS

DAINIK BHASKAR - 02.10.2018

# सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर ने रिटायर कर्मियों को दिया सम्मान



हटिया| झारखंड सेक्टर सीआरपीएफ द्वारा सोमवार को ग्रुप केंद्र धुर्वा में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित कर उनके अनुभवों को साझा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि आईजी संजय आनंद लाठकर ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को शॉल ओढ़ाया। समारोह में पूर्व आईजी महेंद्र प्रसाद, एमके सिंह, पूर्व डीआईजी मंजरुल हक सहित सीआरपीएफ के 22 सेवानिवृत्त कार्मिकों ने वर्तमान अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों के साथ अपना अनुभव साझा किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों, कार्मिकों एवं उनके अनुभवों का सम्मान उस संस्था को ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है। मौके पर सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त अधिकारियों के हाथों झारखंड सेक्टर, सीआरपीएफ द्वारा दिव्यांग प्रियांशु राज (8 वर्ष) को व्हील चेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीआईजी अखिलेश प्रसाद सिंह, डीके राठौड़, मनीष सच्चर, अमिय सरकार आदि मौजूद थे।

### सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन ने 15 बुजुर्गों को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित

# बुजुर्गों को प्यार और सम्मान दें : कमांडेंट



**जमशेदपुर.** रैफ 106 बटालियन के तत्वावधान में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया. इस अवसर पर कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने सुंदरनगर और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों को सम्मानित किया. कार्यक्रम के दौरान सीओ सिंह ने कहा कि वृद्धजन के प्रति प्यार, सम्मान और उनकी देखभाल को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम का आयोजन सुंदरनगर स्थित रैफ 106 परिसर में किया गया.

इस मौके पर 15 बुजुर्गों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार, डिप्टी कमांडेंट अनामी शरण, सहायक कमांडेंट सुमन मिश्रा समेत कई अधिकारी व जवान मौजूद थे.

## सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मी हुए सम्मानित



**जमशेदपुर.** सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर जमशेदपुर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया. सुंदर नगर स्थित ग्रुप सेंटर के हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआइजी सीआरपीएफ हरजिंदर सिंह मौजूद थे. इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला जिला के सेवानिवृत्त सीआरपीएफ के अधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया. साथ ही जिले के कई रिटायर्ड शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डीआइजी हरजिंदर सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्ध समाज को दु:ख से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरुरत है. कार्यक्रम में सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के कमांडेंट सुभाष चंद शर्मा, डिप्टी कमांडेंट डी जेकब व अन्य अधिकारी व जवान शामिल थे.

# चतरा में 190 बटालियन ने मनाया वृद्ध दिवस

## वृद्ध परिवारों के बीच कंबल व शॉल वितरण



**वृद्ध को कंबल सौंपते कमांडेंट व उपस्थित अधिकारी**

**चतराः** सीआरपीएफ 190 बटालियन मुख्यालय परिसर में सोमवार को विश्व वयोबृद्ध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चतरा जिले के कई वयोबृद्ध पुरुष को बटालियन मुख्यालय में आमंत्रित किया गया तथा उन्हें शॉल भेंट किया गया। साथ ही आए हुए आगन्तुकों का मेडिकल जाँच युनिट अस्पताल में किया गया तथा उन्हे दवा वितरित किया गया। बटालियन के द्वितिय कमान अधिकारी मो0 युसूफ ने इस अवसर पर कहा कि आज के हालात में बृद्धों का सम्मान कम गया है यह काफी चिन्ता का विषय है। तथा अगर हम बृद्धों का सम्मान करेंगें तो ही हमारा समाज उनके अनुभवों द्वारा फल फूल सकेगा।

उन्होंने बताया कि यह बड़े ही चिन्ता का विषय है कि आज हमारे समाज में बृद्धों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इस मौके पर दिनेश कुमार शर्मा, उप कमाण्डेंट, मुकेश कुमार, उप कमाण्डेंट तथा बटालियन के अन्य कार्मिक उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल थे।

## डीडीसी ने किया प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**गिद्धौरः** उप विकास आयुक्त मुरली मनोहर प्रसाद ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पूनम कुजूर व अन्य कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिया। जबकि 5 अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय में होने वाली जिला कार्य योजना समिति की बैठक की तैयारी का जायजा भी लिया। उप विकास आयुक्त ने प्रखंड परिसर को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# वृद्धा आश्रम में 22 वीं वाहिनी ने मनाया विश्व बुजुर्ग दिवस



**संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्व बुजुर्ग दिवस के उपलक्ष्य में 22वीं वाहिनी के कमाण्डेंट प्रेम कुमार की अध्यक्षता में दीपुगढ़ा स्थित वृद्धा आश्रम में निवासरत वाहिनी के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चुनचुन कुमार ने ओल्ड ऐज होम के सदस्यों के साथ वार्तालाप कर उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली। साथ ही इलाज के लिए हर संभव सहायता का भरोसा दिया। इस दौरान उप कमाण्डेन्ट बिपिन कुमार सिंह ने ओल्ड ऐज होम की साफ-सफाई एवं आवासन में हो रही समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की बात कही। साथ ही सहायक कमाण्डेन्ट हरीष सलहन, राजीव कुमार, एसएन तिवारी ने उपस्थित बुर्जुर्गों से बात-चीत कर उनकी समस्याओं को सुना और संभवतः सहायता देने का आश्वासन दिया। अंत में उपस्थित सभी बुजुर्गों को जलपान करवाकर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।